# रक्षा औद्योगिक गलियारे में निवेश की संभावना बढ़ी

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ:** ग्रीस के एथेंस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश ने पहली बार प्रतिभाग किया है। रक्षा प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश ने रक्षा औद्योगिक गलियारे में निवेश का माडल पेश किया, जिसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने काफी सराहा। कुछ कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारे में निवेश में रुचि भी दिखाई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अगुआई में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने इस रक्षा प्रदर्शनी में भाग लिया था।

एथेंस से लौटने के बाद मुख्य सचिव ने बताया कि पिछले चार वर्षों में 57 रक्षा कंपनियों ने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में अपनी इकाइयां स्थापित की हैं और सात कंपनियां उत्पादन शुरू कर चुकी हैं। रक्षा प्रदर्शनी में भाग लेने के बाद और कंपनियों के आने की संभावना बढ़ी है। उन्होंने बताया कि ग्रीस की राष्ट्रीय डिफेंस फोर्स के चीफ आफ जनरल स्टाफ, जनरल दिमित्रियोस हूपिस को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण दिया गया है। उनके साथ हुई बैठक में रक्षा सहयोग, संयुक्त उत्पादन और तकनीकी साझेदारी पर सकारात्मक चर्चा हुई। वहीं मुख्य सचिव ने ग्रीस और अर्मेनिया के सरकारी प्रतिनिधियों के साथ आयोजित राउंड टेबल बैठकों की अध्यक्षता की, जिसमें दोनों देशों ने उत्तर प्रदेश में रक्षा निवेश में गहरी रुचि दिखाई। प्रदर्शनी में 35 से अधिक देशों ने भाग लिया था।